हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 5 जुलाई 2024

04 15 केंद्र बनाए, 14 पर खरीदी की तैयारी, तीन दिन में तीन...



07 सिवनी मालवा में आरटीओ की स्कूल बसों की जांच...





### 3 नए कानून कार्यशाला में संभागायुक्त ने दिए निर्देश

# अधिकारियों को नए कानून की जानकारी अनिवार्य रूप से हो

सरकार द्वारा 3 नए कानून बनाए गए हैं। जिसकी जानकारी संभाग के सभी अधिकारियों को होना चाहिए। यह बात गुरूवार को संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने आयोजित संभागीय कार्यशाला में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कही। उन्होंने कहा कि नए कानूनों से फरियादियों को न्याय मिल सकेगा और आरोपियों पर कार्रवाई होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



1 जुलाई से अस्तित्व में आए तीन नए कानून की जानकारी सभी संभागीय अधिकारियों को होनी चाहिए, अधिकारियों को जितनी अच्छी कानून की जानकारी होगी उन्हे कार्य करने में उतनी ही आसानी होगी। उक्त बात नर्मदा पुरम संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने तीन नए कानून को लेकर आयोजित संभागीय कार्यशाला में कहीं। कार्यशाला में सभी विभाग के संभागीय अधिकारियों ने अपनी सहभागिता निभाई। कार्यशाला में प्रतिभागियों का पंजीयन प्रातः 9:30 से प्रातः 10:00 बजे तक किया गया, नए कानून के संबंध में प्रथम सत्र प्रातः 10:20 बजे से एव द्वितीय सत्र दोपहर 1:30 बजे से प्रारंभ हुआ। अधिकारियों ने दोनो सत्रों को अटेंड कर , प्रथम सत्र एवं द्वितीय सत्र में दिए गए प्रश्नों को हल किया।

संभागीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए संभागायुक्त तिवारी ने कहा कि उक्त कार्यशाला आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य यह था कि, 1 जुलाई से अस्तित्व में आए तीन नए कानून की जानकारी सभी अधिकारियों को होनी चाहिए। अधिकारियों को विस्तार से जानकारी देने का प्रयास किया गया एवं उसके बाद उनकी परीक्षा लेकर अधिकारियों की जानकारी को परफेक्ट किया गया। परीक्षा से अधिकारियों के मन के सभी कन्फ्यूजन दूर हुए। कार्यशाला में डीपीओ राजकुमार नेमा एवं असिस्टेंट डीपीओ दिनेश कुमार यादव ने सरल भाषा में तीन नए कानून की व्याख्या की, नेमा ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में त्वरित न्याय, आधुनिक और वैज्ञानिक पद्धति से अनुसंधान, अनुसंधान में पारदर्शिता, पीड़ित केंद्रित को ध्यान में रखते हुए हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के रूप में एक नवीन कानून पारित किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत उन्होंने जमानत, गिरफ्तार व्यक्ति की शिनाख्त, समन का प्रारूप, अभियुक्त की चिकित्सा, समन की तामिली, तलाशी जप्ती की वीडियो रिकॉर्डिंग, अपराध द्वारा प्राप्त संपत्ति के संबंध में कार्रवाई आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। नेमा ने बताया कि नए कानून में जीरो एफआईआर एवं ई एफआईआर पर प्रारंभिक जांच का प्रावधान किया गया है । कार्यशाला में नेमा ने संज्ञेय मामलों का अन्वेषण, अन्वेषण की प्रक्रिया पुलिस द्वारा साक्षी का कथन, पुलिस द्वारा साक्षी का कथन लेने के लिए सूचना देना, मजिस्ट्रेट द्वारा सस्वीकृति और कथन अभी लिखित करना आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

नेमा ने सेक्शन 95 के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अब नए कानून के अनुसार किसी बच्चे को भाड़े पर लेकर अपराध कराया गया तो संबंधित व्यक्ति को 3 से 10 वर्ष तक की सजा का प्रावधान किया गया है । समूह द्वारा हत्या या माव लिंचिंग करने पर मृत्यु दंड का प्रावधान है , यदि कोई व्यक्ति भारत सरकार को धमकी देता है तो उसे आतंकवादी कृत्य की श्रेणी में रखा गया है । विदेश में बैठकर यदि कोई व्यक्ति भारत में अपराध कर रहा है तो उस व्यक्ति को बुलाकर भी दंड अधिरोपित किया जाएगा। नेमा ने बताया कि नए कानून के तहत इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को भी मान्य किया गया है । ईमेल, व्हाट्सएप के संदेश को भी साक्ष्य माना गया है। कार्यशाला में 36 संभागीय अधिकारी शामिल हुए। संभागायुक्त तिवारी ने सभी अधिकारियों से नए कानून को लेकर एवं कार्यशाला के संबंध में अनुभव पूछे, सभी अधिकारियों ने बताया कि कार्यशाला से उन्हें तीन नए कानून के संबंध में काफी विस्तार से जानकारी मिली। जॉइंट कमिश्नर सहकारिता राकेश पांडे ने बताया कि नए कानून एवं धारा के बारे में पहली बार इतनी विस्तार से समझाइश दी गई।

# पवारखेड़ा बायपास रोड पर ओवरलोड ट्रक, डंपरों से सड़कें हो रहीं क्षतिग्रस्त

### एनएचएआई के अधिकारियों ने की डंपरों की आवाजाही पर रोक की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रेत के ओवरलोड डंपरों के वजन से नव निर्मित पवारखेड़ा बायपास सड़क के क्षतिग्रस्त होने की शिकायत निर्माण कंपनी ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से की है। निर्माण कंपनी के ठेकेदार ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को पत्र लिखकर बताया सड़क निर्माण के एक साल पूरे नहीं हुए हैं, लेकिन रोड पर से निरंतर गीली रेत से भरे ओवरलोड डंपरों के वजन से सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। उन्होंने बताया रोड पर क्षमता से अधिक भार के ओवरलोड वाहनों के निकलने से रोड कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। हमने मौखिक रूप से भी कई बार इसकी शिकायत अधिकारियों से की है, लेकिन अब बारिश के चलते सड़क पर ज्यादा नुकसान हो रहा है। निर्माण कंपनी के ठेकेदार सत्येंद्र तिवारी ने बताया उन्होंने कई बार समस्या को लेकर शिकायत की है। दरअसल सड़क निर्माण के दो से तीन महीनों बाद ही सड़क क्षतिग्रस्त होने लगी थी। यह सड़क अभी गारंटी पीरेड में है।

फोरलेन पर सर्विस रोड क्षतिग्रस्त होने का आरोप भी रेत के डंपरों पर लगाया है। दूसरी ओर फोरलेन सड़क पर कई स्थानों पर सर्विस रोड लगातार क्षतिग्रस्त हो रही है। जिसे लेकर भी एनएचएआई के अधिकारियों सहित निर्माण कंपनी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों से रेत के ओवरलोड डंपरों पर रोक लगाने की मांग की है। एनएचएआई के अधिकारियों ने लिखित शिकायत कर कहा है नर्मदापुरम में फोरलेन किनारे ओवरलोड डंपरों की कतारें लगी रहती हैं। जिनके कारण एक तरफ की लेन पूरी तरह से बंद है। इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी रहता है। मुख्य मार्ग पर खड़े होकर डंपरों में रेत भरी और खाली की जाती है।

### दस्तक अभियान 31 अगस्त तक

**नर्मदापुरम।** प्रदेश में दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान का आयोजन 25 जून से 31 अगस्त तक किया जा रहा है, शुक्रवार को प्रदेश में समस्त शासकीय व निजी स्वास्थ्य संस्थाएं एवं सत्रों में दस्त रोग प्रबंधन के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। जिनमें प्रमुख रूप से साबुन से हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन, स्वच्छ पेय जल एवं स्वच्छता पर परामर्श, सिर्फ स्तनपान, पूरक एवं अनुपूरक आहार के सम्बन्ध में परिजनों से चर्चा, समस्त शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य केन्द्रों में ओ.आर.एस एवं जिंक कार्नर की स्थापना, ओआरएस बनाने की विधि एवं उपयोग का प्रदर्शन, जिंक के उपयोग के बारे में चर्चा एवं उसके उपयोग को बढ़ावा, निर्जलीकरण की पहचान एवं प्रबंधन, पोषण की जानकारी साझा करना रोटा वायरस एवं मीजल्स-रूबेला पर चर्चा होगी।

# जिले अब तक 151.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

### गत वर्ष इसी अवधि में 134.8 मिमी वर्षा हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में 1 जून 2024 से आज दिनांक 4 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक जिले में 151.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 134.8 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 4 जुलाई 2024 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 0.4 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 7.0, इटारसी मे 4.2, माखननगर में 2.0, सोहागपुर में 1.6, पिपरिया में 12.0 , बनखेड़ी 18.6, पचमढ़ी में 16.6 एवं डोलरिया तहसील में 4.3, मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है।

अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि मानसून की वर्षा सतत जारी है। इसके चलते नर्मदा नदी एवं विभिन्न जलाशयो में भी जलस्तर में वृद्धि हो रही है। वर्तमान में सेठानीघाट का जल स्तर 934 फीट है , तवा जलाशय का 1120.40 फीट है, बरगी जलाशय का 409.25 मीटर एवं बारना जलाशय 343.9 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानीघाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

# एलआईसी अधिकारी से साइबर ठगी का मामला, 1.65 करोड़ का लगाया चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सरकार के काफी प्रयासों के बावजूद भी ऑनलाइन साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। नर्मदापुरम में एलआईसी अधिकारी से करीब 1 लाख 65 हजार रूपए साइबर ठगी का मामला उजागर हुआ है। विदित हो कि शहर के एलआईसी डेवलपमेंट ऑफिसर के साथ 1 करोड़ 65 लाख रुपए की ऑनलाइन साइबर ठगी की गई। बुधवार शाम को मामले में एलआईसी ऑफिसर ने पहले एसपी ऑफिस और फिर देहात थाना पहुंचकर शिकायती आवेदन दिया। एलआईसी ऑफिसर ने एक वॉट्सएप ग्रुप पर मिले एक एप के माध्यम से शहर के करीब 30 लोगों का 1.30 करोड़ रुपए अच्छे रिटर्न की उम्मीद से इन्वेस्ट किया। लेकिन, साइबर ठगों की फेक एप होने से रुपए वापस नहीं आए। ठगी का शिकार होने के बाद एलआईसी ऑफिसर बुधवार को देहात थाने पहुंचे। साइबर से जुड़ा मामला होने से देहात थाना पुलिस और साइबर सेल ने जांच शुरू की।

### वाट्सप ग्रुप से जुड़कर इवेंस्ट करते थे अधिकारी

एसडीओपी पराग सैनी ने बताया कि एलआईसी ऑफिसर किसी वॉट्स एप ग्रुप पर जुड़कर लोगों के रुपए इंवेस्टमेंट करते थे। वे ही गाइड करते थे। जिसमें एक बार एलआईसी ऑफिसर को 5 लाख रुपए तक फायदा हुआ। ग्रुप पर जुड़े लोगों ने एलआईसी ऑफिसर को कि हमारे थ्रू इंवेस्टमेंट करो, ताकि अच्छा रिटर्न मिलेगा। इसके बाद उन्हें ग्रुप पर एक लिंक दी गई। इससे एक एप डाउन लोड करवाया गया। यह एप गूगल प्ले स्टोर्स पर नहीं है। इसे उन्होंने डाउनलोड़ किया और इस पर 30 लोगों का 1 करोड़ 65 लाख रुपए इंवेस्टमेंट कर दिया। जब इस इंवेस्टमेंट का रिटर्न नहीं मिला और ग्रुप पर कोई रिस्पांस नहीं मिला तो उन्होंने बुधवार को एसपी से मिलकर देहात थाने में शिकायती आवेदन दिया। एसडीओपी सैनी ने बताया कि मामले में शिकायती आवेदन की जांच देहात थाना टीआई प्रवीण चौहान कर रहे हैं। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि शिकायत सही है या नहीं।

# गर्भवती को एसडीओपी पराग सैनी ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में एडमिट महिला ज्योति यादव ब्लड ग्रुप ओ पॉजीटिब हिमोग्लोबिन कम होने की वजह से महिला का प्रसव नहीं हो पा रहा था। महिला के परिवार में रक्तदान करने वाला नहीं होने की वजह से महिला की माता अत्यंत परेशान थी। डॉ. ने बताया अर्जेंट दो यूनिट ओ पेजीटिव ब्लड की जरूरत है। फोन के माध्यम से ज्योति ने ब्लड हेल्पलाइन म प्र के अध्यक्ष गजेंद्र चौहान को परेशानी के बारे में बताया। सूचना मिलने पर अपने व्हाट्सएप ग्रुप में जानकारी डाली। जिसके बाद पुलिस विभाग के एसडीओपी पराग सैनी ने आज दोपहर जिला चिकित्सालय पहुंचकर अपना कीमती रक्तदान किया। श्री सैनी ने अपना 16वा रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में सहभागिता की एवं युवाओं को सन्देश दिया कि रक्तदान करते रहना चाहिए, इससे कमजोरी नहीं आती है और शरीर में नया ब्लड बनने से बीमारियों भी दूर होती है। समाज सेवी हेल्पलाइन के अध्यक्ष गजेंद्र चौहान ने बताया दो यूनिट रक्त की व्यवस्था हो गयी है, जिससे अब प्रसव में परेशानी नहीं आएगी। साथ ही खुशी की बात है एक ओर जनता की सेवा में पुलिस प्रशासन हर वक्त तैयार रहता है।

# शासकीय माध्यमिक स्कूल के प्रांगण में हुआ पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् नर्मदापुरम मे चयनित नवांकुर संस्था वीणा-पाणि संगीत एवं सामाजिक संस्था के द्वारा शासकीय माध्यमिक स्कूल परिसर रोजडा में पौधरोपण किया गया। संस्था अध्यक्ष आनंद नामदेव ने बच्चों को पर्यावरण में वृक्षों का महत्त्व बताया और बच्चों ने उसे समझा एवं एक स्वर में कहा की हमारे द्वारा लगाए इन पौधों को सुरक्षित एवं देख भाल वो स्वयं करेंगे। पौधरोपण का ये कार्यक्रम मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल के मार्गदर्शन में अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण ग्राम एवं शहरी स्तर पर किया जा रहा हैं। वीणा-पाणि संस्था के अध्यक्ष आनंद नामदेव ने बताया की समस्त ग्राम प्रस्फुटन समितियों में शैल, मिसरोद, रोजड़ा, ग्राम टिगरिया में माध्यम से अपने अपने ग्रामो में सागोन, आदि पौधे रौपे गए।

### सभी श्रद्धालु यात्रा से पूर्व पंजीयन अवश्य कराएं

**नर्मदापुरम।** श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा की दृष्टि से चार धाम यात्रा 2024 के लिए पूर्व पंजीयन की व्यवस्था लागू की गई है। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व शाखा नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस व्यवस्था के अंतर्गत श्रद्धालुओ को यात्रा से पूर्व अपना पंजीयन करवाना आवश्यक है। व्यवस्था को लागू करने का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा है। बिना पंजीयन यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को नियत चेक पॉइंट्स पर रोक लिया जाएगा। जो की बिना पंजीयन करवाए आगे नहीं बढ़ सकते हैं। इसी के साथ श्रद्धालुओ को रजिस्ट्रेशन उपरांत प्राप्त दिनांक पर ही चार धाम यात्रा करने के लिए सलाह दी गई है। जिससे श्रद्धालुओ को यात्रा के समय अव्यवस्थाओ का सामना ना करना पड़े। समस्त टूर ऑपरेटर एवं ट्रेवल एजेंट को भी निर्देशित किया गया है कि वे यात्रा पूर्व उनके साथ यात्रा कर रहे सभी यात्रियों की पंजीयन प्रक्रिया को सुनिश्चित कर लें।

# सड़क के सोल्डरों पर डली मुरुम से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आंचलखेड़ा



इन दिनों पिपरिया नर्मदापुरम राजमार्ग पर मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा सड़क एवं सोल्डरो की मरम्मत कार्य करा रहा है जिससे राहगीरों को गड्ढों से निजात मिल सके हालांकि विभाग काफी गहरी नींद के बाद बारिश आते ही जागा है। पिपरिया नर्मदापुरम राजमार्ग पर सड़क व सोल्डरो की हालत कई जगहों पर काफी खराब थी जिससे छोटे-मोटे हादसे आये दिन से होते रहते थे यह जानकारी विभाग को भी पता था परन्तु विभाग की उदासीनता के चलते विभाग गहरी नींद में सो गया और बारिश से पहले समय रहते इस मार्ग की मरम्मत नहीं करा सका और अब बारिश आते ही विभाग गहरी नींद से जाग गया है वारिश के चलते सड़क व शोल्डरो की मरम्मत कार्य करा रहा है जो अब राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन रहा है। एमपीआरडीसी ने एक ठेकेदार को सोल्डरों की मरम्मत का काम दिया है जिसके चलते ठेकेदार सोल्डरों पर मुरम डाल रहा है मुरम भी ऐसी डाली जा रही है जैसे लीपापोती हो रही हो बारिश के चलते होल्डरों पर दल दल बन रहा जिससे राहगीर फिसलकर गिर रहे हैं और घायल हो रहे हैं जब इस संदर्भ में एमपीआरडीसी के डीएम दिनेश स्वर्णकार से बात की तो उन्होंने कहा कि अभी काम चल रहा यदि राहगीरों को समस्या हो रही तो हम ठेकेदार से व्यवस्थित काम करायेंगे।

### प्रातः 10.36 बजे पर होगी खगोलीय घटना

# पृथ्वी और सूरज के आज होंगे दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सूरज की परिक्रमा करती पृथ्वी साल भर अपनी दूरी बदलती रहती है, साल के एक दिन वह सूरज के सबसे पास वाले बिंदु पर होती है तो एक दिन ऐसा आता है जब यह दूरी बढ़कर सबसे अधिक हो जाती है । शुक्रवार को वह दिन आ गया है जब पृथ्वी ने सूरज से अपनी दूरी बढ़ा ली है ।

नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने जानकारी देते हुये बताया कि साल में एक बार होने वाली यह खगोलीय घटना अफेलियन कहलाती है । भारतीय समय के अनुसार प्रातः 10 बजकर 36 मिनिट की स्थिति में पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी 15 करोड़ 20 लाख 99 हजार 968 किमी हो जायेगी जो कि साल की सबसे अधिक होगी ।

सारिका ने बताया कि इस साल 3 जनवरी को पृथ्वी अपनी दूरी घटाते हुये सूरज से 14 करोड़ 71 लाख 632 किमी दूरी पर थी, इसे पेरिहेलियन की स्थिति कहते हैं । इस तरह उस दूरी से आज पृथ्वी लगभग 50 लाख किमी और दूर पहुंच रही है। सारिका ने बताया कि सूरज और पृथ्वी के बीच दूरी में लगभग 3 प्रतिशत की इस दूरी बढ़ने या घटने से स्थानीय मौसम पर कोई असर नहीं आता है । जब जनवरी में सूर्य पास में होता है तब उत्तरी गोलार्द्ध में ठंड पड़ रही होती है ।वहीं जुलाई से सूरज से दूरी बढ़ने पर भी गर्मी कम नहीं होती है।

पृथ्वी पर मौसम तो पृथ्वी के अपने अक्ष पर घूमते समय, झुकाव के कारण होते हैं । किसी समय पृथ्वी के जिस भाग पर सूर्य की किरणें सीधी पड़ रही होती हैं वहां गर्मी पड़ती है तथा जहां तिरछी किरणें पड़ती है वहां ठंड महसूस होती है । तो तैयार हो जाईये आज सूरज से सबसे अधिक दूरी का खगोलीय उत्सव मनाने के लिये ।

# जिपं सीईओ ने किया पशु प्रजनन प्रक्षेत्र का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत द्वारा पशु प्रजनन प्रक्षेत्र कीरतपुर (इटारसी) का भ्रमण कर प्रक्षेत्र पर संचालित राष्ट्रीय कामधेनु प्रजनन परियोजना अंतर्गत भारतीय नस्ल की 13 गौवंश एवं 03 भैंसवंश का अवलोकन कर परियोजना के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने प्रक्षेत्र में संचालित बकरी परियोजना अंतर्गत सिरोही एवं बारबरी नस्ल की बकरियों का भी निरीक्षण किया।म.प्र.राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम पशु प्रजनन प्रक्षेत्र कीरतपुर (इटारसी) द्वारा उत्पादित स्वर्ण दाना पशु आहार संयंत्र का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही वर्षा काल में राजमार्ग पर कोई भी पशु सड़क पर विचरण न करें तथा ऐसे पशुओं के व्यवस्थापन के लिए एनएचएआई द्वारा स्थापित पशु शेल्टर का भी निरीक्षण किया गया।

### निजी स्कूलों में शासन के आदेशो पालन हो : जिला शिक्षा अधिकारी

**नर्मदापुरम।** नए शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ में पालकों द्वारा निजी स्कूलों की मनमानी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिक्षा विभाग द्वारा सभी निजी स्कूलों को नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। विदित हो कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा विभिन्न कक्षाओं में बस्ते का वजन तय किया गया है। इसके अलावा कम्प्यूटर, नैतिक शिक्षा, सामान्य ज्ञान, स्वास्थ, शारिरिक शिक्षा, खेल एवं कला की कक्षांए बिना पुस्तकों के लगाने के निर्देश है। जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम ने समस्त निजी विद्यालयों में इनका पालन अनिवार्य रूप से करने के साथ समस्त अधिकारियों के निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र की निजी विद्यालयों में भ्रमण कर इस आदेश का पालन सुनिश्चित कराएं एवं यदि किसी स्कूल में उल्लंघन पाया जाता है तो कार्रवाई प्रस्तावित करें।

## खबर संक्षेप

### जेएच कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह का समापन

**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में तीन दिवसीय (1 से 3 जुलाई तक) दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया जिसका समापन बुधवार को हुआ। दीक्षारंभ समारोह में नवप्रवेशी 1500 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष घनश्याम मदान, प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे, विभिन्न विभाग के अध्यक्ष डॉ. अलका पांडे, मीनाक्षी चौबे, डॉ. अनिता सोनी, डॉ. खुशाल देवधरे, डॉ. सुभाष खातरकर, डॉ. बीडी नागले, एनएसएस के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. गोपाल साहू, डॉ. शीतल खरे, एनसीसी की डॉ. कमलेश अहिरवार, लाइब्रेरी प्रभारी एवं विभिन्न समितियों के प्रभारी प्राध्यापकों के द्वारा छात्रों को बीएससी, बीकॉम, बीए, बीबीए में पढ़ाए जाने वाले विषयों के बारे में छात्रवृत्ति प्रभारी डॉ. वीडी खातरकर द्वारा छात्रवृत्ति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. विजेता चौबे ने कहा विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए जेएच कॉलजे बैतूल में पर्याप्त संसाधन हैं। महाविद्यालय में विषय विशेषज्ञ हैं, छात्रों को इसका लाभ लेना चाहिए। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नई शिक्षा प्रणाली 2020 के बारे में डॉ. ऋषिकांत पंति द्वारा कैरियर मार्गदर्शन सेल के बारे में, डॉ. रंजीता बरखानिया ने महिलाओं के उत्पीडन की रोकथाम, सूचना के अधिकारी के बारे में, डॉ. चंद्रदेशखर मेश्राम के बारे में स्वास्थ्य एवं कल्याण के बारे में , डॉ. प्रतिभा चौरे ने खेल, योग का परिचय डॉ. नीलिमा पीटर, सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में डॉ. राजेश शेषकर ने विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रो. संतोष पंवार ने किया।

### वन मंत्री से जिला टिम्बर संगठन ने की भेंट

**बैतूल।** बैतूल जिले के एक उत्पादन (ओडीओपी) के तहत शासन द्वारा बैतूल जिले के मध्य प्रदेश वन विभाग की सीपी टिक (सागौन की लकड़ी ) को चयनित किया गया है। जिला सॉ मिल टिम्बर काष्ट विनिर्माता संघ बैतूल के अध्यक्ष राजा साहू ने बताया कि जिला वन विभाग ने टिक वुड के जीआई टेकिंग के लिए भी अप्लाई किया हुआ है व मध्य प्रदेश शासन व वन विभाग की मंशा के अनुरूप उक्त (ओडीओपी) चयनित टिक वुड क्लस्टर में जिले के स्थानीय काष्ट व्यापारी की सहभागिता व विकास उत्थान को प्राथमिकता दी गई है। इसी विषय पर क्लस्टर की वर्तमान स्थिति व सहयोग के लिए लिखित पत्र के माध्यम से बैतूल जिला टिम्बर संघटन ने मंत्री को अवगत कराया व निवेदन किया है। टिम्बर काष्ट व्यापारियों की ऑनलाइन नीलामी, काष्ट मूल्य ग्रेड परिवहन पत्र शुल्क सहित अन्य विषयों पर भी विस्तृत चर्चा जिस पर मंत्री द्वारा यथासंभव काष्ट व्यापारीगण के सहयोग का आश्वासन दिया। बैतूल जिला टिम्बर संगठन ने सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

### सीएम आज करेंगे किस्त का वितरण

**बैतूल।** मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत प्रथम किशत का वितरण मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा 5 जुलाई को किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ.यादव टीकमगढ़ से प्रदेश भर के हितग्राहियों को वर्चुअली 2 हजार रुपए की राशि प्रथम किशत के रूप में अंतरित करेंगे। इस योजना के तहत किसानों को 6000 की राशि की जाती है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.यादव लाड़ली बहना योजना एवं उज्जवला योजना के तहत गैस रिफिल अनुदान भी वितरित करेंगे। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद डीडी उइके, स्थानीय विधायक गणों एवं गणमान्य नागरिकों एवं हितग्राहियों की उपस्थिति में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का भव्य प्रसारण किया जाएगा। बैतूल में जिला स्तरीय कार्यक्रम तहसील पर आयोजित किया जाएगा। जिला एवं ब्लॉक स्तर पर वर्चुअली कार्यक्रम का प्रोजेक्टरध्बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रसारण किया जाएगा। इन प्रसारण की व्यवस्था ग्राम पंचायतों में भी सुनिश्चित की जाएगी।

किसानों ने रैली निकालकर इस प्रोजेक्ट को निरस्त करने की मांग की है

# शीतल झिरी बांध का विरोध, 8 गांवों के किसानों का प्रदर्शन, हो चुका भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल

मुख्यमंत्री ने जिस 276 करोड़ रु की बांध परियोजना का पिछले 14 जून को भूमिपूजन किया है। किसानों और आदिवासियों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। गुरुवार को सैकड़ों आदिवासी किसानों, महिलाओं ने बैतूल पहुंचकर शीतल झिरी माध्यम उद्वहन सिंचाई परियोजना का विरोध किया। किसानों ने इस प्रोजेक्ट को। निरस्त करने की मांग की है। करीब आठ गांवों से पहुंचे सैकड़ों किसानों ने यहां ऑडिटोरियम से लेकर कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली।

यहां कलेक्ट्रेट पहुंचे आदिवासी किसानों से अधिकारी ज्ञापन लेने पहुंचे तो वार कलेक्टर को ही ज्ञापन देने पर अड़ गए। जिसके बाद कलेक्टर को ज्ञापन लेने आना पड़ा। विरोध प्रदर्शन में शामिल नेताओं ने कहा कि परियोजना को निरस्त किया जाना चाहिए। इसके लिए क्षेत्र की ग्राम सभाओं की सहमति नहीं है। पेसा एक्ट का भी उल्लंघन है। कलेक्टर ने इसका परीक्षण करवाए जाने की बात कही है। सर्वे से भी रोक चुके है किसान इस बांध के लिए सर्वे करने सिंचाई विभाग के अधिकारी कई बार नदी क्षेत्र में जा चुके है। लेकिन हर बार उन्हे आदिवासी किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा है। मुख्यमंत्री ने पिछले 14 जून को बांध क्षेत्र से 70 किमी दूर मुलताई में इस परियोजना का भूमि-पूजन किया था। किसान इसे गुपचुप शुरुआत करना और किसानों से छल भी बता रहे हैं। यही वजह है कि उन्होंने आज प्रदर्शन के दौरान घोड़ा डोंगरी विधायक गंगा उइके और मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारे लगाए।

#### यह है परियोजना

276.13 करोड रुपए की सीतलझीरी मध्यम उद्वहन परियोजना मांचना नदी पर बनाई जा रही है। इसमें 7 से 8 गांव के करीब 600 किसान प्रभावित होंगे। जबकि इस परियोजना से 9200 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। इस प्रोजेक्ट में 450 हेक्टेयर जमीन डूब क्षेत्र में आएगी। जिसमे सेहरा और सीतलझिरि के 110 और 150 हेक्टेयर जमीन प्रभावित होगी। इस परियोजना में नदी किनारे के 8 से 10 हेक्टेयर क्षेत्र ही डूब में आ रहा है। बाकी गांव की 34 से 40 हेक्टेयर जमीन भी डूबेगी। खास बात यह है की सिंचाई की बांध परियोजना में 10 प्रतिशत तक का क्षेत्र डूब में जाने की परमिशन होती है। हालांकि, इस परियोजना में महज 6 फीसदी ही जमीन डूब रही है। ईई इरिगेशन विपिन वामनकर ने किसानों के विरोध पर कहा की जहां किसानों की भूमि डूबती है। वहां विरोध होता ही है। वे किसानों को समझाइश देने और परियोजना से होने वाले फायदे बताने मौके पर जाएंगे। फिलहाल इस प्रोजेक्ट का टेंडर हो चुका है। अनुबंध कर दिया गया है। कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने कहा कि कोई भी योजना क्षेत्र के विकास के लिए बनती है। किसानों के विरोध का ज्ञापन शासन को भेजा जाएगा।

समर्थन मूल्य की बजाय किसानों की मंडी में उपज बेचने में दिलचस्पी

# 15 केंद्र बनाए, 14 पर खरीदी की तैयारी, तीन दिन में तीन किसानों से 26 क्विंटल मूंग की हुई खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल

समर्थन मूल्य में मूंग खरीदी की रफ्तार बहुत धीमी गति से चल रही है। तीन दिन में महज तीन किसान ही उपज बेच पाए है। समर्थन मूल्य में उपज बेचने की बजाय किसान मंडी में उपज बेचने में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे है। कृषि विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अभी मूंग की खरीदी प्रारंभ हुई है।

आने वाले दिनों में किसानों की संख्या बढ़ेगी और खरीद भी अच्छी होगी। जिले में समर्थन मूल्य में मूंग की खरीदी के लिए 15 खरीदी केंद्र बनाए गए है, जिसमें से 14 केंद्रों पर खरीदी की तैयारी है। एक खरीदी केन्द्र अभी भी बंद है। किसानों ने उपज बेचने के लिए बड़ी संख्या में पंजीयन तो किया, लेकिन किसान उपज लेकर नहीं आ रहे है। अधिकारियों ने बताया कि तीन दिन में तीन किसानों से 26 क्विंटल मूंग की खरीदी की है। कृषि उपज मंडी में मूंग के दाम समर्थन मूल्य के दाम की अपेक्षा कम है, इसके बावजूद भी किसान मंडी में उपज बेच रहे है। बताया जा रहा है कि कृषि उपज मंडी में प्रतिदिन 50 से अधिक बोरे मूंग की आवक हो रही है। मंडी में किसानों को 7000 से लेकर 8000 रुपए तक प्रति क्विंटल दाम मिल रहे है, जबकि समर्थन मूल्य में इससे अधिक दाम दिए जा रहे है। किसानों को लगभग 700 से 800 रुपए तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि समर्थन मूल्य में उपज बेचने पर मूंग के दाम अच्छे मिल रहे है, लेकिन भुगतान में देरी होने के कारण मंडी में उपज को बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। समर्थन मूल्य में मूंग की खरीदी पहले भी देरी से प्रारंभ हुई है। खरीदी समय पर प्रारंभ नहीं होने से कई किसान पहले ही उपज बेच चुके हैं।

#### 7 हजार हेक्टेयर में हुई थी मूंग की बोवनी

ग्रीष्मकालीन मूंग की बोवनी लगभग 7 हजार हेक्टेयर में हुई थी। इस बार मूंग के रकबे में बढ़ोतरी की गई। समय-समय पर बारिश हो जाने से दिन फसल को पानी भी अच्छा मिल गया और सिंचाई भी कम करनी पड़ी। मौसम का साथ मिलने से इस बार मूंग की अच्छी पैदावार होना बताया जा रहा है। अधिकारियों ने समर्थन मूल्य में मूंग की अच्छी आवक होने की संभावना जताई है, लेकिन शुरुआती दिनों में बहुत कम आवक हो रही है।

#### इनका कहना...

कल तक तीन किसानों से 26 क्विंटल मूंग की खरीदी की थी। गुरुवार को 26 किसानों से 342 क्विंटल खरीदी की है, जबकि 354 किसानों ने आज गुरुवार तक स्लॉट बुक करवाया है। चूंकि सरकार ने पिछले साल 12 से 25 क्विंटल की तुलना में, इस साल प्रति हेक्टर 8 क्विंटल ही किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी का आदेश जारी किया है, जबकि हमारे यहां प्रति हेक्टेयर उपज 15 क्विंटल से ज्यादा हुई है इसलिए समस्या हो रही है। कुछ ही दिनों में किसानों से मूंग की खरीदी होने की संभावना है।

**रामबीर सिंह राजपूत,**
सहायक संचालक, कृषि विभाग, बैतूल

### फसल का बीमा कराओ, सुरक्षा कवच पाओ

*बैतूल जिले में खरीफ फसल का बीमा 1 जुलाई से शुरू हो गया है जिसमें फसल बीमा सप्ताह 1 जुलाई 7 जुलाई तक चलेगा। जिसमें कृषि और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस बीमा कंपनी द्वारा कृषक संपर्क कर किया जा रहा है इसके साथ ही सभी तहसीलों में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के प्रतिनिधियों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर जाकर फसल बीमा पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है एवं कृषकों को फसल बीमा करवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसल बीमा करवा कर जोखिमों एवं फसल बीमा के हित लाभ के बारे जागरूक किया जा रहा है। उप संचालक, कृषि विभाग, बैतूल आनंद बडोनिया द्वारा बताया कि खरीफ मै प्रमुख फसलों के लिए प्रीमियम राशि के लिए कृषक द्वारा दिए प्रीमियम राशि सोयाबीन के लिए 800 प्रति हेक्टेयर, मक्का के लिए 720 रुपए प्रति हेक्टेयर, धान संचित के लिए 740 रुपए, धान असिंचित 620 रुपए प्रति हेक्टेयर, अरहर के लिए 700 प्रति हेक्टेयर हैं। जो की पटवारी हल्का स्तर पर अधिसूचित फसले हैं। फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करने की इच्छुक गैर ऋणी किसान निकटतम बैंक शाखा /सहकारी समिति/ अधिकृत चैनल एवं जन सेवा केंद्र (सीएससी) एवं कृषक स्वयं राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। गैर ऋणी कृषक को बीमा करवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज बैंक पासबुक फसल बुवाई प्रमाण पत्र आधार कार्ड बही एवं बंटाईदार किसान या किराए पर ली गई भूमि के लिए मलिक के साथ अनुबंध समझौता या किराया पट्टा होना चाहिए।*

घटना का वीडियो हुआ वायरल

# खेत में फसल बुआई को लेकर हुए विवाद में जमकर मारपीट



हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल

खेत में फसल बुआई को लेकर हुए विवाद में एक दर्जन लोगों ने तीन लोगों के साथ जमकर मारपीट की इस मारपीट का वीडियो भी सामने आया है पीड़ितों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना चोपना थाना क्षेत्र की है जंहा पीड़िता ममता बेवा निखिल राय उम्र 56 वर्ष अपने खेत में अरबी की बुआई की तैयारी कर रही थी इसी बीच दिनबंधु पिता धीरेन्द्र वैरागी और मिथुन पिता बिपुल विश्वास, गणेश पिता हरेन मंडल,अमित पिता बिस्शेषर विश्वास, हराधन विश्वास पिता ना मालुम विश्वास, अनिल पिता अमुल्लो विश्वास, मंजीत पिता किशोर विश्वास, मंजीत पिता अनिल विश्वास- निप्पद पिता हजारिपद विश्वास, किंकर राय पिता श्यामपद राय,प्रताप पिता सुकेन हल्दर, प्रदिप पिता अविनाश विश्वास,अनुप पिता अमर विश्वास,सुभाष पिता गोबिन्द सरदार, विश्वजीत पिता रतिकामा मण्डन आए और पीड़िता से खेत में बुआई करने से मना करने लगे और कहने लगे की ये खेत हमारा है।अनावेदकगण ने मिटीग का बहाना लेकर खेत में आये और आवेदिका ममता सहित इसके दोनो पुत्रो सुशंकर व सुरज को हाथ मुक्को और पैर से मारपीट करने लगें अनावेदकगण अनिल, मंजीत, अमित यह लोग धमकी दे रहे थें कि तुम्हारे पुरे परिवार पर टेक्ट्रर चला कर जान से खत्म कर देगें।

जिससे सारी झांझट खत्म हो जायेगीं। इस तरह से सभी आरोपियों ने जान से खत्म करने कि धमकी दी हैं आवेदिका ममता तथा सुशंकर को आरोपियों गण ने पटक-पटक कर इतना अधिक मारा कि ममता के नाक मुंह से खून निकल रहा है तथा एक दांत हिल गया हैं तथा आवेदिका के पुत्र सुशंकर के सिर से खून निकल रहा है। उक्त घटना के कुछ देर बाद आवेदिका कि बहु अनारती राय मौके पर पहुंची उसके पहुचने के बाद भी अनावेदकगण एक राय होकर ममता व उसके दोनो पुत्रो के साथ मार-पीट करते रहें। घटना के कुछ समय का वीडियो भी बना हुआ हैं।

### पुलिस ने दो नाबालिग को बरामद कर परिजनों को सौंपा

*थाना कोतवाली में 14 मार्च को एक बालिका 13 वर्ष वहीं एक बालक अभिषेक जवस्कर उम्र 17 साल निवासी मेहदगांव के गुमने की रिपोर्ट पर 13 मार्च को गुमने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। दोनों मामले में गुम नाबालिक बालिका व बालक को आज थाना कोतवाली पुलिस ने दस्तयाब किया जाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया है।*

# पंडित प्रदीप मिश्रा के खिलाफ अब गोस्वामी समाज उतरा सड़क पर

### गोस्वामी महाराज के खिलाफ की थी टिप्पणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल

कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की परेशानियां उनके बयानों की वजह से बढ़ती जा रही हैं। मां ताप्ती पर की गई टिप्पणी के बाद ताप्ती भक्तों में पंडित मिश्रा के खिलाफ आक्रोश पनप रह है। अब गोस्वामी समाज भी पंडित मिश्रा के विरोध में सड़कों पर उतर आया है। बड़ी संख्या में एकत्रित होकर समाज की महिलाओं और पुरुषों ने कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के खिलाफ नारेबाजी की। सामाजिक बंधुओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी को ज्ञापन सौंपकर समाज के लोगों सहित महामंडलेश्वर से माफी मांगे जाने की मांग की है।

पंडित प्रदीप मिश्रा के खिलाफ मोर्चा खोलते सामाजिक बंधुओं ने स्टेडियम चौक से कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकालकर नारे बाजी की। अखिल भारतीय गोस्वामी सभा के संगठन मंत्री गोस्वामी जगन गिरी एवं जिला अध्यक्ष नत्थू भारती का कहना है कि एक कथा कार्यक्रम के दौरान पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा अपनी कथा में कहा था कि मैं गोस्वामी तुलसीदास जी जैसा ही गवार हूं, मुझे तो कुछ आता नहीं है, मैं तो शंकर का नाम लेकर आपके सामने बैठता हूं। पंडित मिश्रा द्वारा दिए इस बयान से देश और प्रदेश में रहने वाले समस्त गोस्वामी जनों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। गोस्वामी तुलसीदास को गवार की संज्ञा देना अत्यंत अपमानजनक और अशोभनीय है। सामाजिक लोगों की मांग कि इस अशोभनीय टिप्पणी और गलती के लिए उन्हें अपनी आगामी कथा में सार्वजनिक रूप से देश के समस्त गोस्वामीजनों और हमारे महामंडलेश्वर से माफी मांगना चाहिए।

एसडीएम ने कहा, भवन का आधिपत्य 6 माह पूर्व किया जाना था

# मुलताई में केंद्रीय विद्यालय भवन के निर्माण में हुई देरी पर कलेक्टर ने लगाई फटकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने केन्द्रीय विद्यालय के निर्माणाधीन भवन की निर्माण एजेंसी एवं संबंधितों को फटकार लगाते हुए 20 जुलाई तक भवन हैंडओवर करने के निर्देश दिए। एसडीएम अनिता पटले ने बताया कि कि उक्त भवन का आधिपत्य 6 माह पूर्व किया जाना था। कलेक्टर गुरुवार को मुलताई में निर्माणाधीन केन्द्रीय विद्यालय क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने एमपीईबी के अधिकारियों को भवन में तुरंत स्थाई कनेक्शन के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को मुख्य मार्ग से स्कूल के मेन रोड तक सडक बनाने के लिए कहा।

#### प्राचार्य स्वयं करे निगरानी

कलेक्टर ने केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य से कहा कि वे नियमित रूप से निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का अवलोकन करे। अपनी देखरेख में कार्यों को पूरा कराएं। यह सुनिश्चित करें कि 20 जुलाई तक भवन का आधिपत्य प्राप्त हो जाए। उन्होंने कहा कि इस नवीन सत्र में स्कूल नए भवन में प्रारंभ होना था। तुरंत आधिपत्य प्राप्त करें। बरसात के प्रारंभ काल में ही नए भवन में स्कूल प्रारंभ करे।

#### स्कूल के लिए भूमि का किया निरीक्षण

*कलेक्टर ने प्रभात पट्टन स्थित प्रस्तावित सीएम राइज स्कूल के भवन हेतु चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया। पट्टन स्थित उत्कृष्ट विद्यालय को सीएम राइज स्कूल घोषित किया गया है। स्कूल के भवन निर्माण के लिए भूमि चिन्हित की गई थी। शिक्षा अधिकारी डॉ.अनिल सिंह कुशवाह ने बताया कि शीघ्र ही भवन निर्माण संबंधी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जाएगी। कलेक्टर ने गोपाल तलाई में शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। स्कूल में पेयजल व्यवस्था एवं कक्षाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।*

टीकाकरण के लिए अधिकारी एक दिन में ज्यादा से ज्यादा गांव कवर करें

# समय पर बच्चों का टीकाकरण करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल




कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि अधिकारी अपनी मैदानी कार्यकर्ताओं को कहे कि वे टीकाकरण के काम को निर्धारित समय पर नियमित रूप से करें। अधिकारी प्रयास करें कि एक दिन में एक से अधिक गांव कवर करें। कलेक्टर गुरुवार को कलेक्टोरेट सभागार में महिला एवं बाल विकास अधिकारियों के साथ विभागीय गतिविधियों के सुचारू संचालन एवं परिणामों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आपको अपने प्रयासों में और अधिक गति लाना होगी। परिणाम संतोषजनक नहीं है। आगामी बैठक तक अपने लक्ष्य को पूरा करें।

**मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना:** कलेक्टर ने मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत प्रभात पट्टन (69.7 प्रतिशत) एवं घोड़ाडोंगरी (60.7 प्रतिशत) में लक्ष्य से कम प्रकरण स्वीकृत करने पर संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत 12 परियोजनाओं में 6671 प्रकरण स्वीकृत करने का लक्ष्य निर्धारित था। 3 माह में 1668 प्रकरण स्वीकृत किए जाने थ जिसके विरुद्ध 1372 प्रकरण स्वीकृत किए गए। लाड़ली लक्ष्मी योजना में तीन परियोजनाओं बैतूल शहरी, सारणी एवं आठनेर में आनुपातिक लक्ष्य की प्राप्ति की गई है। सर्वाधिक बैतूल शहरी परियोजना में 426 वार्षिक लक्ष्य निर्धारित था। इसमें त्रैमासिक लक्ष्य 107 के विरूद्ध 115 प्रकरण स्वीकृत किए गए जो 108.0 प्रतिशत रहा।

**आंगनबाड़ी केन्द्रों की समीक्षा:** जिला कार्यक्रम समन्वयक गौतम अधिकारी ने बताया कि जिले में 2 हजार 344 आंगनबाड़ी केन्द्र एवं मिनी केंद्र संचालित है। इनमें 1690 केन्द्र विभागीय भवनों में संचालित है, जबकि अन्य शासकीय भवनों में 318 एवं किराये के भवन में 336 आंगनवाड़ी केंद्र संचालित है। सर्वाधिक भीमपुर में 315 आंगनवाड़ी केन्द्र एवं मिनी केन्द्र संचालित है। इसी तरह आमला में 219, आठनेर 158, बैतूल ग्रामीण. 258, बैतूल शहरी 89, भैंसदेही 227, चिचोली 165, घोड़ाडोंगरी 313, मुलताई 171, प्रभातपट्टन 161, सारनी 78 एवं शाहपुर 193 आंगनवाड़ी एवं मिनी केंद्र संचालित है।

#### लाड़ली छात्रवृत्ति योजना

श्री अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत कक्षा 6 वीं से स्नातक की 20 हजार 593 छात्राओं को छात्रवृत्ति का वितरण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई 2024 तक लंबित छात्रवृत्तियों एवं उसके पश्चात शेष छात्रवृत्तियों का भुगतान किया जाएगा।

बच्चों को स्कूल जाना बोझ न लगे

# पीएमश्री स्कूलों को बनाएं चाइल्ड फ्रेंडली: कलेक्टर

**बैतूल।** पीएमश्री योजना के उद्देश्य के अनुसार शिक्षक स्कूलों को चाइल्ड-फ्रेंडली बनाएं, जिसमें बच्चों को स्कूल जाना बोझ नहीं लगे और किताबें उनकी दोस्त हो। यह बात कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने कहा शिक्षा को उच्च गुणवत्ता युक्त बनाने के लिए शिक्षा की अधोसंरचना और संसाधनों का अधिक से अधिक उपयोग करें। राज्य शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता कराई है, जिसका शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा शिक्षा विभाग एवं ट्रायबल विभाग के अधीन आने वाले स्कूल एवं स्कूली छात्रावास संचालित हैं। बच्चों ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। बच्चों को स्कूल ही नहीं उनके छात्रावास में उनके रहने, खाने,पेयजल व्यवस्था, पंखे, टॉयलेट आदि सभी समुचित व्यवस्था करें। जिसमें छात्रावास के उद्देश्य पूरे हों। हमारा जिला ट्रायबल जिला है। कलेक्टर ने कहा शिक्षकों का दायित्व केवल स्कूल और शिक्षा तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों को स्कूल तक आने जाने के मार्ग में यदि वो नदी, नाला पार करके आना होता है तो उस पर ध्यान दें, प्रशासन के माध्यम से उस पर पुल, पुलिया का निर्माण कराए।

## आधार केंद्र पर हर दूसरे-तीसरे दिन आ रहे फर्जी प्रमाण पत्र लेकर लोग


# इन दिनों स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है, आधार मांग रहे हैं अपडेट

इटारसी शहर को विकास की दरकार हैं, लेकिन बुधवार हुई बैठक में लिए गए फैसलों पर अमल कराया जाये तो, यह साकार हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अब जन्म प्रमाण पत्र भी फर्जी तरीके से बनाये जा रहे है। फर्जी जन्म प्रमाण के मामले सामने भी आ चुके हैं। जबकि इनकी जाँच की जाये तो और भी मामले सामने आ सकते है। हो सकता है कि खबरें प्रकाशन के बाद कुछ दिनों के लिए यह बंद भी हो जाए, लेकिन यह जांच का विषय है कि आखिर अब तक कितनी बड़ी संख्या में ऐसे फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बन चुके और उनका कहां-कहां उपयोग हो चुका है?

यह बेहद गंभीर मामला है। इटारसी में इससे पहले भी कुछ वर्ष पूर्व नगर पालिका से मृत्यु प्रमाण पत्र का एक प्रकरण सामने आ चुका है। जानकारी के बाद प्रशासन ने मामले में जांच की बात कही है। ऐसे सामने आया मामला दरअसल आधार केंद्र पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का मामला सामने आया है। आधार केन्द्र संचालक के अनुसार रोज चार से पांच फर्जी जन्म प्रमाण पत्र लेकर अपने बच्चों की जन्म तारीख में सुधार कराने परिजन पहुंच रहे हैं। आधार कार्ड केंद्र प्रभारी ने इसकी शिकायत जब शासकीय अस्पताल इटारसी में की तो पता चला कि फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का यह गोरखधंधा न सिर्फ इटारसी बल्कि जिले के अन्य सेंटर्स पर भी चल रहा पता चला।


GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH
DEPARTMENT OF PLANNING, ECONOMICS & STATISTICS
DR SYAMA PRASAD MUKHARJI CHIKITSALAY ITARSI
BIRTH CERTIFICATE
(ISSUED UNDER SECTION 12/17 OF THE REGISTRATION OF BIRTHS & DEATHS ACT, 1969 AND RULE 8/13 OF THE MADHYA PRADESH REGISTRATION OF BIRTHS & DEATHS RULES 1999)
THIS IS TO CERTIFY THAT THE FOLLOWING INFORMATION HAS BEEN TAKEN FROM THE ORIGINAL RECORD OF BIRTH WHICH IS THE REGISTER FOR DR SYAMA PRASAD MUKHARJI CHIKITSALAY ITARSI OF TAHSIL/BLOCK ITARSI OF DISTRICT NARMADAPURAM OF STATE/UNION TERRITORY MADHYA PRADESH, INDIA.
NAME: PRAVEEN BHALAVI — SEX: FEMALE
DATE OF BIRTH: 06/10/2013 SIX OCTOBER TWO THOUSAND THIRTEEN — PLACE OF BIRTH: DR SYAMAPRASAD MUKHARJI CHIKITSALAY ITARSI
NAME OF MOTHER: BHALAVI — NAME OF FATHER: HEMRAJ BHALAVI
MOTHER'S AADHAAR NO: XXXXXXXX 2563 — FATHER'S AADHAAR NO: XXXXXXXX6356
ADDRESS OF PARENTS AT THE TIME OF BIRTH OF THE CHILD: GRAM-JAMUNDOL KALAAKHAR ITARSI, ITARSI, NARMADAPURAM, MADHYA PRADESH- 461111 — PERMANENT ADDRESS OF PARENTS: GRAM-JAMUNDOL KALAAKHAR ITARSI, ITARSI, NARMADAPURAM, MADHYA PRADESH- 461111
REGISTRATION NUMBER: B-2023: 23-90883-002052 — DATE OF REGISTRATION: 05-10-2023
REMARKS (IF ANY):
DATE OF ISSUE: 05-10-2023 — ISSUING AUTHORITY: REGISTRAR (BIRTH & DEATH) DR SYAMA PRASAD MUKHARJI CHIKITSALAY ITARSI
UPDATED ON: 05-10-2023 07:13:59
"THIS IS A COMPUTER GENERATED CERTIFICATE WHICH CONTAINS FACSIMILE SIGNATURE OF THE ISSUING AUTHORITY" "THE GOVT. OF INDIA VIDE CIRCULAR NO. 1/12/2014-VS(CRS) DATED 27-JULY-2015 HAS APPROVED THIS CERTIFICATE AS A VALID LEGAL DOCUMENT FOR ALL OFFICIAL PURPOSES".
ENSURE REGISTRATION OF EVERY BIRTH AND DEATH

गौरतलब है कि इन दिनों शासकीय स्कूलों में बच्चों के एडमिशन किये जा रहे हैं, जिसके लिये आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र स्कूलों में मांगे जा रहे हैं। बच्चों के माता पिता फर्जी जन्म प्रमाण पत्र ऑनलाइन की दुकानों से बनवाकर दे रहे हैं। इसके एवज में मोटी रकम ली जा रही है। एक जानकारी के अनुसार जन्मप्रमाण पत्र बनाने 600 रुपए से 1000 रुपए तक लिऐ जा रहे हैं। बच्चों के माता पिता आधार कार्ड में जन्म तारीख में सुधार कराने आधार केन्द्र पर पहुंचे तो मामला सामने आया है। आधार केन्द्र पर जन्म प्रमाण पत्र में जो बार कोर्ड पर स्कैन कर सही प्रमाण पत्र की जांच करते समय उक्त प्रमाण पत्र फर्जी का पता चल रहा है।

आधार केन्द्र प्रभारी चेतन पटेल के अनुसार उनके यहां हर रोज चार से पांच ऐसे मामले आ रहे हैं। उन्होंने इसकी सूचना अस्पताल अधीक्षक को दी है। एक मां ने अपने बच्चे के आधार कार्ड में जन्म तारीख सुधरवाने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र दिया। महिला सिवनी मालवा की निवासी है। महिला की डिलीवरी जिला अस्पताल में हुई और बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र जिला अस्पताल भोपाल से बना। जब बच्चे के प्रमाण पत्र पर बने बार कोर्ड को स्कैन किया तो वह फर्जी साइड से बना पाया गया। आधार केन्द्र के प्रभारी ने महिला को जन्म प्रमाण पत्र फर्जी होना बताया।

### नपा व अस्पताल में बने

दरअसल, फर्जी प्रमाण पत्र बनवाने लोग इसलिए जाते हैं क्योंकि नगर पालिका और अस्पताल में उनको कई चक्कर लगवाये जाते हैं। कभी सॉफ्टवेयर का कारण बताकर, कभी बाबू नहीं है आदि कारण बताकर उनको आज-कल पर टाला जाता है। ऐसे में ये ऑनलाइन प्रमाण पत्र के लिए चले जाते हैं और वहां फर्जी सॉफ्टवेयर के जरिए उनको न सिर्फ फर्जी प्रमाण पत्र दिया जाता है, बल्कि लूट भी की जाती है। किसी तरह कर्ज लेकर गरीब तबका प्रमाण पत्र बनवाता है और जब आधार केन्द्र पहुंचता है तो पता चलता है कि प्रमाण पत्र फर्जी है। ज्यादातर गरीब ग्रामीण लोग हैं आधार केन्द्र पर आधार अपडेट कराने आने वाले वर्तमान में ज्यादातर लोग गरीब और ग्रामीण अंचल के हैं। इटारसी और सुखतवा में इन लोगों को फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर दिये जा रहे हैं। भोपाल में भी ऐसा ही धंधा चल रहा है, क्योंकि आधार केन्द्र पर कुछ प्रमाण पत्र भोपाल के बने भी आए हैं। इटारसी और सुखतवा के भी हैं। यदि नगर पालिका और अस्पताल में ही प्रमाण पत्र आसानी से बनने लगे तो ये लोग इनकी तरफ नहीं जाएंगे। प्रशासन को व्यवस्था में सुधार के लिए कदम उठाना चाहिए और फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वालों की जांच कर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### इनका कहना है

फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाये जाने की जानकारी सामने आयी है। हम इस मामले में अपने स्तर पर जांच करा रहे हैं।

**टी प्रतीक राव, एसडीएम**

हमारे पास आधार केन्द्र से शिकायत आयी थी कि इस तरह के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बन रहे हैं। उन्होंने जब बार कोड को स्कैन किया तो इसका पता चला।

**डॉ. आरके चौधरी, अधीक्षक सिविल अस्पताल**

हमारे पास हर दूसरे-तीसरे दिन में एक ऐसा मामला आ रहा है। भोपाल, इटारसी और सुखतवा के मामले मिले हैं। हमने अस्पताल में इसकी सूचना दी है।

**चेतन पटेल, संचालक आधार केन्द्र**

# सिवनी मालवा में आरटीओ की स्कूल बसों की जांच, एक का फिटनेस निरस्त

## आरटीओ के नेतृत्व में जारी है स्कूली बसों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



जांच में राइजिंग एकेडमी स्कूल की बसों में शत प्रतिशत पूर्ति। परिवहन आयुक्त, संभाग आयुक्त तथा कलेक्टर के निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा सिवनी मालवा तहसील में स्कूल बसों की जांच की गई तथा स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया साथ ही अपने आस पास के लोगो को भी जागरूक होने के लिए प्रेरित किया गया, विभिन्न स्कूलों की जांच में लगभग 45 बसों की जांच की गई जिसमे एक स्कूल बस में ज्यादा कमी पाए जाने पर फिटनेस निरस्त किया गया, इसके अलावा 2 बसों में प्रदूषण प्रमाण पत्र नही पाए जाने पर 10000 हजार का चालान काटा गया तथा निम्न त्रुटि पाए जाने पर कमी पूर्ति के लिए निर्देशित किया गया।

राइजिंग एकेडमी की बसें पाई गई शत प्रतिशत पूर्ति - जांच दल को स्कूल बसों की जांच में राइजिंग स्कूल की बसें परिवहन विभाग द्वारा तय नियमों के अनुसार सभी मानकों की पूर्ति करते पाई गई, बसें अच्छी स्थिति में पाई गई, बस चालको द्वारा वर्दी का इस्तेमाल किया जा रहा था, बच्चो को सुरक्षा के मद्देनजर सभी व्यवस्थाएं की गई, बस के कैमरे चालू स्थिति में पाई गए, बसों की जांच के बाद आरटीओ अधिकारी के द्वारा स्कूली बच्चो को यातायात नियमों के पालन तथा अपने मौलिक अधिकारों की जानकारी दी गई, आरटीओ अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले की सभी तहसीलों में आरटीओ जांच दल द्वारा स्कूली बसों की जांच लगातार की जाएगी, जिन स्कूल बसों में कमी पाई जाएगी।

उन बसों की फिटनेस निरस्त की कार्यवाही के साथ साथ सखत चालानी कार्यवाही की जाएगी, इसीलिए सभी स्कूल संचालकों को अपने स्कूल की बसों की जांच उपरांत ही बस का संचालन करना चाहिए।

### जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर समिति ने किया पौधरोपण




**सिवनी मालवा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की स्थापना दिवस के अवसर पर नगर विकास प्रस्फुटन समिति तथा सामाजिक संस्था रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा ग्राम भैरोपुर में पौधरोपण किया गया। जन अभियान परिषद सिवनी मालवा के विकासखंड संयोजक हरिदास जी दायमा के नेतृत्व में विभिन्न प्रजाति के 15 फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किए गए। ये पौधे पूर्व सरपंच गणेश प्रसाद लौवंशी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सत्यनारायण लौवंशी एवं समाजसेवी गुलाब लौवंशी के खलिहान में रोपित किए। इस दौरान संस्था के ईश्वर विश्नोई, आनंद लौवंशी, अनिल पटेल, रामकृष्ण दीगोदिया, अंकित दीगोदिया, रोहित राजपूत, अमित, मोहित, विशाल, मंथन लौवंशी ने सहयोग प्रदान किया। उपस्थित युवा साथियों ने ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु उनकी देखभाल करने का संकल्प भी लिया।

# भाजपाइयों ने किया केंद्रीय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन, जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया हिंदुओं को संसद में हिंसक कहाँ पर विश्व हिंदू परिषद एवं भारतीय जनता पार्टी के द्वारा राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया राहुल गांधी के द्वारा विगत दिनों संसद में हिंदुओं को हिंसक झूठ फैलाने वाला कहा इसे हिंदू समाज आहत हुआ विश्व हिंदू परिषद एवं भाजपा के नेता सतपाल पलिया के नेतृत्व में नाके से लेकर तहसील चौराहे तक आक्रोश यात्रा निकाली गई जिसमें राहुल गांधी के पुतले जलाए गए और पदयात्रा में पुतला पूछने के दौरान जिला समिति के सदस्यों ने बजरंगियों से जिहादी राहुल गांधी मुर्दाबाद हिंदुओं के सम्मान में बजरंग दल मैदान में इस तरह के नारेबाजी की। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र भार्गव एवं भाजपा नेता सतपाल पलिया के द्वारा सैकड़ो समर्थनों के साथ राहुल गांधी का पुतला जलाया गया सतपाल पलिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदुओं का इतिहास साक्षी है हिंदुओं ने नाटो मोपला जैसी कोई घटना की है ना भारत विभाजन पर मार काट की है देश में कभी दंगे आतंकवाद हिंसा नहीं फैलाई हैइस तरह से पुष्पेंद्र भार्गव ने कहा कि जब उसे पर देश के संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संपूर्ण हिंदी समाज को हिंसक व झूठ फैलाने वाला का जबकि कभी भी किसी हिंदू ने ना तो उक्त किया ना देश के इतिहास में कभी हिंदू राजा ने किसी मुस्लिम या अन्य वर्गों के लिए आक्रामक करते हुए उनकी सट्टा चीन पर अत्याचार या प्रयास नहीं किया है इस तरह से उन्होंने प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सर्व बजट है कि पृथ्वीराज चौहान गुरु अर्जन देव गुरु तेग बहादुर गुरु गोविंद सिंह सहित अनेक वीरों ने अपनी आहुति इस देश के लिए लाए हैं ऐसे महान शांति की देशभक्त हिंदू वीरों को राहुल गांधी के द्वारा हिंसक कहकर समस्त हिंदू समाज का अपमान किया है। वहीं पर बीवी गिरी वार्ड के पार्षद अभिषेक दुबे के द्वारा भी बताया गया कि हिंदुओं को आतंकवादी घोषित कर देते तो भविष्य में संभव ही है क्योंकि इतिहास में दर्ज सत्ता पाने के लिए कांग्रेस ने धर्म के नाम पर देश का बंटवारा किया देश के बंटवारे के समय पाकिस्तान से आने वाली ट्रेनों में क्या आता था हमारे सिंधी भाइयों को सिंध प्रांत है देश तत्कालीन प्रधानमंत्री की हत्या के बाद निर्दोष शिक्षकों की नसों से तरीके से हत्या करके उनके घरों प्रतिष्ठानों पर आगजनी की गई इस तरह की घटनाएं कांग्रेस के द्वारा की जा चुकी है। हिंदी समाज राहुल गांधी की निंदा करता है।

# अधिवक्ता एसोसिएशन के चुनाव 14 जुलाई को होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अधिवक्ता संघ इटारसी के चुनाव 14 जुलाई को होंगे। गुरुवार से द्विवर्षीय चुनावों की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों ने नामांकन फार्म लिये हैं। 5 एवं 6 जुलाई को नामांकन फार्म जमा करने की तिथि है तथा 8 जुलाई को नामांकन वापसी की तारीख है। मुख्य चुनाव अधिकारी नरेन्द्र महाला एवं सहायक चुनाव अधिकारी राजेश नामदेव एवं नेपाल यादव ने प्रोग्राम तय करते हुये बताया कि 14 जुलाई 2024 को मतदान होना है, आज फार्म अधिवक्ता सदस्यों ने लिये हैं। इसके अनुसार अध्यक्ष पद अजय कुमार तिवारी, अशोक कुमार शर्मा, गजेन्द्र सिंह राजपूत, पारस जैन, रमेश चंद्र राजपूत, संजय कुमार त्रिपाठी, संजय मेहतो उपाध्यक्ष हेतु कृष्ण गोपाल राजपूत ओम प्रकाश यादव , मनीष वाजपेयी, संजय गुप्ता, संजय कुमार त्रिपाठी एवं उपाध्यक्ष ममता नागेश एवं सचिव पद हेतु गजेन्द्र सिंह राजपूत, पारस जैन, रघुराज सिंह वघेल, संतोष शर्मा, संजय कुमार त्रिपाठी सुमेर सिंह चौहान एवं सहसचिव हेतु मोहम्मद शगीर सिद्दकी, निशांत गोयल विजय कुमार दुबे एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु मनोज पांडे, रविकुमार सावदकर, राजेश चौरे एवं पुस्तकालय अध्यक्ष हेतु कंचनलाल मेहरा आदि ने फार्म लिए।

### अनाज व्यापारी रघुवीर साहू हुए ब्रम्हलीन



**माखननगर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं अनाज व्यापारी रघुवीर साहू 59 का बुधवार दोपहर को निधन हो गया पारिवारिक संबंधियों ने बताया वह नागपुर इलाज कराने गए थे इसी दौरान उनका निधन हो गया रघुवीर साहू वर्ष 2010 में नगर परिषद के अध्यक्ष के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार थे वहीं पूर्व में नगर परिषद में विधायक प्रतिनिधि रह चुके हैं उनके निधन की खबर जिसने भी सुनी विश्वास नहीं हुआ जिनका अंतिम संस्कार गुरुवार को नर्मदा तट चौकाघाट पर किया गया ।

# वर्धमान स्कूल में कॅरियर वर्कशॉप बच्चों ने सवालों से शांत की जिज्ञासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



आज की तेज रफ्तार दुनिया में, अपने कॅरियर पथ के बारे में उचित निर्णय लेना महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह सफल पेशेवर यात्रा की ओर मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वर्धमान पब्लिक स्कूल इस विषय को महत्वपूर्ण समझते हुए हर वर्ष समय समय पर कॅरियर काउंसलिंग सेशन करता रहता है। स्कूल के बच्चे शहर के जाने माने सफल इंडस्ट्रलिस्ट रीतेश शर्मा के साथ साक्षात हुए।

रीतेश शर्मा ने हैदराबाद से 12 वी पास कर फाइनेंशियल मैनेजमेंट से एमएससी यूके से किया और एमबीए पुणे से। अंतराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा पूरी करने के बाद भी रीतेश शर्मा ने अपने शहर में आ कर सोया इंडस्ट्रीज शुरू की और साथ ही एजुकेशन फील्ड से जुड़े रहने के लिए स्कूल भी खोला। आज वह शहर के जाने माने सफल इंडस्ट्रलिस्ट हैं। आज उनके अनुभव से वर्धमान के बच्चों ने जाना कि किस तरह वह कॉमर्स विषय के साथ अलग-अलग फील्ड में जाकर अपना कैरियर बना सके हैं। बच्चों के कई अनसुलझे सवालों के जवाब तहत उनको प्राप्त हुए।

# शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद



स्थानीय पुलिस चौकी में मुहर्रम त्योहार एवं बारिश के मौसम में नगर की व्यवस्थाओं को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस चौकी प्रभारी आकाशदीप ने ग्राम पंचायत के सरपंच चेतन मीना की अध्यक्षता में मुस्लिम त्योहार कमेटी व्यापारी संघ एवं शांति समिति के सदस्यों से मुहर्रम त्योहार की व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव प्राप्त किए किए एवं नगर की मुख्य सड़कों एवं स्टेट हाईवे पर लगता जाम को लेकर चर्चा की गई तथा व्यापारियों एवं ग्राम वासियों को सहयोग करने का आह्वान किया शांति समिति की बैठक में ग्राम पंचायत सरपंच चेतन मीना सचिन नागेंद्र सराठे सहायक सचिव निर्मल सिंह चौहान पुलिस चौकी प्रभारी आकाशदीप सहायक उप निरीक्षक नरेश रघुवंशी, अशोक सातनकर नगर के व्यवसाई राजकुमार अग्रवाल मौजूद रहे।

# पेड़ काटने के विरोध में सरपंच ने लिखा उद्यानिकी अधीक्षक को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत खापरखेड़ा में सरकार का उद्यान काफी लंबा चौड़ा फैला हुआ है जिसमें सभी तरह के फलदार वृक्ष लगे हुए हैं जिसमें उद्यान अधीक्षक से लेकर चौकीदार सभी सेवा देते हैं सभी कार्य कर रहे हैं। शासन को प्रतिवर्ष आम अमरूद जैसे अनेक फलदार वृक्षों से लाखों रुपए की आई होती है और जिसमें धनिया मटर जैसी सब्जी का भी उत्पादन शासन के द्वारा करने के निर्देश दिए जाते हैं जो उद्यान निरीक्षक के द्वारा समय-समय पर किए जाते हैं। ग्राम पंचायत खापरखेड़ा के सरपंच सुलभ गोदानी सचिव प्रदीप पांडे के द्वारा उद्यान अधीक्षक के नाम एक पत्र जारी किया गया है जिसकी प्रतिलिपि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दी गई है जिसमें ऐसा कहा गया है कि उद्यान अधीक्षक के द्वारा फलदार वृक्षों की कटाई कराई जा रही है जबकि वर्तमान में सरकार के द्वारा वृक्ष लगवाए जा रहे हैं इस बारे में उद्यान अधीक्षक संतोष राय से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि उनके और उनके विभाग के द्वारा कोई पेड़ नहीं काटा गया है इसलिए विभाग के द्वारा मेंटेनेंस के चलते बड़े पेड़ होने के कारण जो बिजली की लाइन से टकराते हैं जिसके कारण फाल्ट बनता है ऐसे पेड़ों को विभाग के द्वारा काटा गया है उद्यान विभाग के द्वारा कटे हुए पेड़ को उठाकर उसकी लकड़ी को समेटकर उद्यान में रखा जा रहा है जो की पेड़ में टीका लगाने के काम आते हैं। बिजली विभाग के द्वारा हमेशा मेंटेनेंस को लेकर उद्यान के बाहर एवं उद्यान के अंदर भी की कटाई एवं छटाई की जाती है।

## जनपद उपाध्यक्ष कुसमलता ने लिया भूमि का जायजा

# नहर की भूमि पर वेयरहाउस बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत पिपरिया की ग्राम पंचायत सांडिया में जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल के द्वारा भ्रमण के दौरान पाया गया कि पंचायत में नहर विभाग की लगभग 1 एकड़ भूमि मुख्य मार्ग से लगी हुई पड़ी हुई है जिस पर एक भवन भी बना हुआ है वह क्षतिग्रस्त है उसे भूमि पर चौकीदार भी निवास कर रहा है। बताया कि सांडिया की कृषक सेवा सहकारी समिति जिसमें आसपास के लगभग 18 ग्राम लगे हुए हैं जहां पर लाखों कुंटल अनाज प्रत्येक खरीदी केंद्र पर खरीदा जाता है लेकिन उसे रखने के लिए सेवा सहकारी समिति के पास कहीं वेयर हाउस नहीं है इसलिए उनके द्वारा निजी वेयरहाउस में किराया देकर अनाज रखा जाता है। नहर विभाग की लगभग 1 एकड़ जमीन से अधिक भूमि मुख्य मार्ग से लगी हुई पड़ी हुई है इसलिए उन्होंने शासन से पत्र लिखकर मांग की है कि उक्त भूमि पर कृषक सेवा सहकारी समिति का अनाज रखने के लिए वेयरहाउस निर्माण करने हेतु शासन से अनुमति लेकर इस पर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जावे क्योंकि अभी तक उन्होंने पाया है कि किसी के द्वारा अतिक्रमण नहीं किया गया है। लेकिन भविष्य में अतिक्रमण होने की संभावना भी दिखाई दे रही है इसलिए उनका कहना है कि सरकार की भूमि पर सरकार का अनाज रखने के लिए यदि वेयरहाउस का निर्माण कर दिया जाता है तो सरकार को तथा कृषक सेवा सहकारी समिति को लाभ होगा। बारे में एसडीओ नहर विभाग अजय सिंह से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें अभी यह जानकारी नहीं है कि उक्त भूमि कितनी है और कहां पर है उन्होंने निरीक्षण के दौरान अच्छी है कि यह मुख्य मार्ग पर है निर्देश देकर अमीन पटवारी से उक्त भूमि का सीमांकन कर लेंगे उसके बाद जनपद उपाध्यक्ष को अवगत करा दिया जावेगा तथा शासन को पत्र के माध्यम से भी अवगत कराया जाएगा।

# धनुष घाट पर रोपित हुए पौधों की देखभाल के लिए आए पर्यावरण प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



गुडला ग्राम पंचायत के ग्राम धांसी 5 साल पहले लगाए गए पौधों की देखभाल करने प्रति रविवार को ग्राम पंचायत के सचिव पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश भदोरिया धनुष घाट सूरजकुंड घाट और सड़क किनारे जो पौधे रोपे थे वह पौधे अब पेड़ बन चुके हैं उनकी देखभाल करने पेड़ों के थाला बनाना पेड़ों के आसपास कांटे लगाना जिससे कोई भी मवेशी नुकसान ना पहुंचाएं नियमित रूप से पौधों की देखभाल करने जाते हैं।

भदोरिया ने बताया पीपल एवं बरगद देववृक्ष 150पौधे धनुष घाट धानसी रायपेरियन जोन ग्राम पंचायत गुढला में जब मैं पदस्थ था मेरे द्वारा लगाए गए थे जिनमें से 85पौधे जीवित है मेरा स्थानांतरण अन्य पंचायत में हो गया है पौधों की कोई देख भाल नहीं कर रहा है में स्वयं रविवार के दिन जाता हूं। रोड किनारे होने के कारण वकरी भैंस मवेशी और तो और गांव के मनुष्य भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। मेरी बिटिया के जन्मदिन के अवसर पर 3ः साल पहले लगाया सूरज कुंड पर्यटन स्थल पर लगाया पीपल का पौधा आज पेड़ बन गया है। पिछले 5 वर्ष में लगाए गए ग्राम पंचायत गुढला में पौधे जीवित है पर्यावरण की रक्षा के लिए अन्य समाजसेवी जिनमे नर्मदेश्वर शिव मंदिर समिति इंद्र प्रस्थ कालोनी नर्मदापुरम के सभी सदस्यों द्वारा ग्राम पंचायत गुढला के गांव धानसी में 3साल पूर्व धनुष घाट धानसी रायपेरियन जोन में एक किलोमीटर मैं सूरज कुंड पर्यटन स्थल तक पीपल एवं बरगद देववृक्ष लगाया था।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पक्षकार श्री सुमन्त कुमार परसाई पुत्र स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार परसाई निवासी होशंगाबाद की ओर से प्रकाशित कर स्पष्ट किया जाता है कि आधारकार्ड, पेनकार्ड, मार्कशीट एवं अन्य अभिलेखो में मेरे पक्षकार का नाम सुमन्त कुमार परसाई पुत्र स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार परसाई अंकित है जबकि पासपोर्ट एवं कतिपय अभिलेखो में मात्र सुमन्त परसाई पुत्र स्व. श्री वीरेन्द्र परसाई उल्लेखित है वास्तविक रूप सें दोनो व्यक्ति एक ही है इसी प्रकार मेरे पक्षकार की पुत्री सुश्री सुनिष्का परसाई पुत्री श्री सुमन्त कुमार परसाई का घरेलू नाम रिशू परसाई है यद्वपि पुत्री का प्रचलित नाम सुनिष्का परसाई है। उपरोक्तानुसार अवगत होवे।

**रोहित प्र. श्रोती (अधिवक्ता)**
एफ-9 गुरूकृपा काम्पलेक्स प्लाट नं. 9-10
जोन-1 महाराणा प्रताप नगर, भोपाल
मोबाईल नं. 98272-29367

# तीन माह तक शासकीय अमला गांव-गांव पहुंचेगा : सांसद पाटिल

## सांसद ने कहा - आकांक्षी विकासखंड में जनहितैषी और विकास कार्यों को गति देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा घोषित इस आकांक्षी विकासखंड में विभिन्न क्षेत्रों में पिछड़ रहे जनहितैषी और विकास कार्यों को गति दी जाएगी। इस दिशा में जुलाई से सितंबर तक शासकीय अमला गांव गांव जाकर समन्वित रूप से कार्य करेंगे। इस दौरान स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, अधोसंरचना विकास जैसे 6 प्रमुख कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सुधार किया जाएगा।

यह बात सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कार्यशाला में उपस्थित जन समुदाय और महिलाओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार विकास के लिए कृत संकल्पित है। जिससे की पिछड़े गांव और वहां रहने वाले लोगों का समुचित विकास हो सके। उन्हें कृषि आधारित लघु उद्योग गौ पालन, दूध डेयरी विकास आदि से ग्रामीण और शिक्षित बेरोजगारों को जोड़ा जाएगा। इसी कड़ी में पूरे सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवा के लिए बीएसएनएल के टावर लगाए जा रहे हैं। जिससे कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने और सरकार द्वारा इसकी मॉनीटरिंग करने में काफी सहूलियत होगी। प्रारंभ में कलेक्टर कर्मवीर शर्मा द्वारा भी आकांक्षी कार्यक्रम की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने सभी ग्रामीण जनों,महिलाओं और शिशुओं के स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रमों का समुचित लाभ लेने का अनुरोध किया।



सांसद पाटिल का अध्यक्ष संगीता तेरसिंह नार्वे और उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने परंपरागत तीर कमान एवं बांस से निर्मित सज्जित टोकरी भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। जिनका सांसद,कलेक्टर, नीति आयोग की सदस्य तमन्ना यादव और जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन किया।

### सांसद के प्रथम आगमन पर स्वागत, नाराजगी भी

*प्रारंभ में नवनिर्वाचित सांसद पाटिल का ढोल ढमाकों और आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में झिरन्या और भीकनगांव के भाजपा कार्यकर्तागिन उपस्थित थे। इनमें धुलसिंह डावर, नंदा ब्राहमणे, टोनू यादव, सुंदरलाल बारसे, प्रतिक ठाकुर, दीपक ठाकुर, कृष्णपालसिंह राठौर, हरीश शर्मा, विजय महाजन, विजय पटेल, नकुल कापसे आदि प्रमुख है। उनका स्वागत मंच कार्यक्रम स्थल से बाहर बनाया गया था और उन्हें ढोल ढमाकों के साथ किसान भवन तक ले जाया गया, जहां उन्होंने लोकार्पण किया। इसे लेकर पुराने भाजपाइयों में नाराजगी देखी गई। मंच से अपने संबोधन में पूर्व विधायक डावर ने कहा कि हम एक ओर खड़े रह गए और सांसद ने कांग्रेस से आए नए भाजाइयों के साथ लोकार्पण कर दिया।*

---

पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक

# सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक गुरूवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु में कोई भी गौवंश सड़क पर विचरण न करें, इस हेतु व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एस.के. त्रिपाठी, सहायक सांख्यिकी अधिकारी पुनम यादव, निरीक्षक पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग नेहा आर्या सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैठक में पशुपालन पालन विभाग के पोर्टल एवं आईडी पासवर्ड की जानकारी न होने पर सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पीके. शर्मा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि जिले में पंजीकृत 9 अशासकीय गौशालाओं को मार्च 24 तक अनुदान राशि का वितरण किया जा चुका है। जिले में मुख्यमंत्री गौसेवा योजना के तहत 8 गौशालायें संचालित है। कलेक्टर ने बैठक में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग व योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग के कार्यों भी समीक्षा की।

---

## खबर संक्षेप

### 'मूंग तुलाई समय सीमा में कराएं'

**हरदा।** विपणन वर्ष 2024 में ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन हेतु जिले में 50 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं। उपसंचालक कृषि संजय यादव ने बताया कि इन उपार्जन केन्द्रों की स्लॉट बुकिंग क्षमता 375 क्विंटल से बढ़ाकर 750 क्विंटल की गई है। उन्होने किसानों से अनुरोध किया है कि उपार्जन केन्द्र पर स्लॉट बुक कर ग्रीष्म कालीन मूंग उपज की तुलाई समय सीमा में करवाएं।

### किसानों को आज मिलेगी पहली किश्त

**हरदा।** मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 1 वर्ष में किसानों को तीन समान किस्तों में कुल 6000 रुपये की राशि प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की इस वर्ष की प्रथम किश्त का वितरण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 5 जुलाई को टीकमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। उन्होंनें जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरदा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 1.2 मि.मी. औसत वर्षा हुई

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 1.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 0.8 मि.मी., टिमरनी में 5.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 131.1 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 169.5 मि.मी., टिमरनी में 91.8 मि.मी, खिरकिया में 79.2 मि.मी., रहटगांव में 184.9 मि.मी. व सिराली में 130.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 4 जुलाई तक 111.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया

**हरदा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिले में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत नशा मुक्ति भारत अभियान अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग हरदा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महात्मा गांधी स्कूल के छात्रों के साथ नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। उक्त रैली में छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के और टीशर्टका वितरण किया गया। नशा न करने हेतु शपथ दिलाई। आयोजन के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा उपस्थित छात्रों से नशा मुक्ति के संबंध में बात संवाद किया गया। उक्त आयोजन में जिला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संस्था सार्थक सेवा आश्रय सेवा समिति एवं स्कूल के प्राचार्य सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वाहन चालकों पर साढ़े 16 हजार का जुर्माना

**हरदा।** जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके ने बताया कि गुरूवार को परिवहन विभाग के दल ने अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार के वाहनों की जांच की। चेकिंग के दौरान मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने पर 6 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 16500 रूपये जुर्माना वसूल किया गया। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा वाहन चालकों को नियमपूर्वक वाहन संचालन की हिदायत दी गई।

### आईजी के आगमन पर किया स्वागत

**खंडवा।** पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन अनुराग कुमार एक दिवसीय प्रवास पर खंडवा पहुंचे। जिला पुलिस प्रशासन की बैठकों के साथ उन्होंने सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की। खंडवा आगमन पर आईजी अनुराग का स्वागत किया गया। किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच के प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मंच के पदाधिकारियों ने पुलिस कंट्रोल रूम में आईजी अनुराग कुमार का स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने किशोर दा के जन्म दिवस पर आयोजित 4 अगस्त के कार्यक्रम में उन्हें अनुरोध पत्र सौंपते हुए आमंत्रित भी किया। मंच के अध्यक्ष रणवीर चावला और सचिव नारायण बाहेती ने वर्षों से चल रहे 4 अगस्त को आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी अनुराग के समक्ष रखी।

---

# विशिष्ट आवासीय विद्यालयों के 48 आदिवासी बच्चे चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खालवा मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु ली गई परीक्षा के परिणाम बुधवार को घोषित किए गए। परीक्षा परिणामों में परिवार संस्था द्वारा खंडवा जिले में संचालित सेवा कुटीरों में अध्ययनरत 48 आदिवासी बच्चों का चयन हुआ। यह बच्चे खंडवा जिले के एकलव्य विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर व आदर्श विद्यालयों में रहकर आगे की पढ़ाई करेंगे। परिवार संस्था के द्वारा इन बच्चों को इस प्रवेश परीक्षा के लिए विशेष रूप से तैयारी करवाई गई थी।

वही परीक्षा के लिए आवेदन करने से लेकर परीक्षा देने तक बच्चों तथा उनके परिजनों का संस्था द्वारा सहयोग किया गया। इन चयनित बच्चों के सम्बंधित विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज एकत्रित करवाने तथा विद्यालय जाकर प्रवेश सुनिश्चित करने का कार्य परिवार संस्था द्वारा किया जा रहा हैं। ज्ञात हो की परिवार एक समाजसेवी संस्था है, जिसकी स्थापना आईआईटी-आईआईएम से शिक्षित विनायक लोहानी द्वारा वर्ष 2003 में की गई थी। संस्था द्वारा मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में शिक्षा, पोषण तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। खंडवा जिले में संस्था द्वारा 55 गाँवों में सेवा कुटीर के माध्यम से बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा पोषणयुक्त आहार दिया जा रहा है। संस्था खंडवा जिले में दो निःशुल्क एम्बुलेंस संचालित कर रही हैं।साथ ही नेत्र शिविर के माध्यम से लोगों की आँखों के निःशुल्क ऑपरेशन भी किए जा रहे हैं।



---

किशोर प्रेरणा मंच ने सांसद का स्वागत कर किया आमंत्रित

# किशोर नाइट में पार्श्वगायक श्रीजीत देंगे गायन की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी देश देश के महान गायक हरफनमौला कलाकार किशोर दा का जन्मोत्सव 4 अगस्त को उत्साह के साथ मनाया जाएगा। किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच द्वारा खंडवा का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाले किशोर दा के जन्मदिन पर किशोर नाइट का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है, जिसमें फिल्म जगत के प्रसिद्ध गायक को अपनी टीम के साथ गीतों भरी प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस वर्ष 4 अगस्त 2024 को प्रसिद्ध पार्श्वगायक श्री जीत गीतों की शानदार प्रस्तुति किशोर दा की नगरी में देंगे।

मंच के प्रवक्ता सुनील जैन व सचिव नारायण बाहेती ने बताया कि पार्श्वगायक श्रीजीत ने अनेको फिल्मों में अपने गीतों की प्रस्तुति दी है,दिलेर फ़ल्मि के दिल ये दिल ये मेरा खो गया,रात कहेगी दास्तां, फ़ल्मि मैने दिल तुझको दिया शा ना ना,कुछ तो गड़बड़ है का आ ओ जाने जा,कुछ तो गड़बड़ है ।लेडीज टेलर फ़ल्मि का तिल वाली मिला दे जैसे गीतों में अपनी आवाज दी है, किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच की बैठक में प्रदीप जैन ने गायक का नाम प्रस्तावित किया, जिसे अध्यक्ष रणवीर सिंह चावला, सचिव नारायण बाहेती, गायक चयन समिति के आशीष चटकेले, सुनील सकरगाये,मंगलेश शर्मा व सदस्यों ने सर्व सम्मति से स्वीकृति प्रदान की, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि किशोर दा के जन्म उत्सव पर मंच द्वारा तीन ग्रुपों में वॉइस आफ खंडवा खंडवा गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी आयोजित होगा, जिसका फाइनल मुकाबला 2 अगस्त को गौरीकुंज में आयोजित होगा, 4 अगस्त को प्रातः 4 अगस्त को प्रातः नगर निगम प्रशासन एवं प्रेरणा मंच द्वारा किशोर दा की समाधि स्थल पर सुरमई श्रद्धांजलि कार्यक्रम के साथ पौधारोपण कार्यक्रम होगा रात्रि में अनाज मंडी प्रांगण में किशोर नाइट का आयोजन होगा जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकार श्री जीण अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे, गुरुवार को किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच का प्रतिनिधि मंडल दिल्ली में सांसद की शपथ लेने के बाद पश्चात खंडवा पहुंचे खण्डवा लोकसभा के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल से मिला व उनका स्वागत कर उन्हें किशोर नाईट ,किशोर सम्मान समारोह व खण्डवा गौरव दिवस कार्यक्रमों में आने हेतु आमंत्रित किया। सांसद पाटिल ने कहा कि किशोर दा जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया।



---

# थ्री व्हीलर टैंपो में भरकर ले जा रहे थे 5 गोवंश, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बुरहानपुर।** थ्री व्हीलर टैंपो में 5 गोवंश भरकर ले जा रहे 2 आरोपियों को शाहपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग थ्री व्हीलर टेंपो में अवैध रूप से ठूंस ठूंसकर क्रूरता पूर्वक गोवंश भरकर धामनगांव बोरसल भोटा फाटा से होते हुए महाराष्ट्र लेकर जाने वाले हैं। थाना प्रभारी शाहपुर अखिलेश मिश्रा द्वारा एएसआई कुबेर जाटव, आरक्षक अक्षय पटेल, सैनिक विजय की पुलिस टीम गठित कर मौके पर रवाना किया गया। टीम द्वारा धामनगांव बोरसल रोड पर नाकाबंदी कर थ्री व्हीलर टेंपो को पकड़ा गया। वाहन में 4 केड़े, 1 बैल कुल 5 नग गौवंश ठूंस ठूंसकर क्रूरतापूर्वक ले जाया जा रहा था। आरोपी बालू पिता पुंडलिक पंडित उम्र 59 साल निवासी इच्छापुर हाल पता वरणगांव जिला जलगांव महाराष्ट्र, गोकुल पिता ताराचंद बंजारा उम्र 60 साल निवासी पुरनार फाटा मुक्ताईनगर जिला जलगांव महाराष्ट्र को पकड़कर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। पुलिस ने वाहन को भी जब्त किया है।

---

# खंडवा के विधायकों ने बजट सत्र व विधायक दल की बैठक में लिया हिस्सा



**खंडवा।** जिले के चारों विधायक भोपाल में चल रहे बजट सत्र में भाग ले रहे हैं। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि बुधवार को मध्य प्रदेश विधानसभा में 2024-25 का बजट उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत किया गया। हरसुद के विधायक एवं जनजाति कल्याण मंत्री विजय शाह, खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे, नारायण पटेल, और छाया मौरे ने बजट का स्वागत करते हुए इसे प्रदेश की जनता के लिए हितकारी बताया।

बजट सत्र में शामिल होने के पश्चात, जिले के चारों विधायक मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, और संसदीय दल के नेता मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधायकों को लोकसभा चुनाव में उनकी मेहनत और परिश्रम के लिए धन्यवाद दिया। शिवप्रकाश ने सभी विधायकों को अपने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं का सम्मान करने और पर्यावरण संरक्षण कार्यों को गति प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि, और कार्यकर्ताओं का सहयोग लेकर अपनी विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाया जा सकता है। विधायक दल की बैठक का संचालन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा किया गया।

---

# मूंग की मात्रा में बढ़ोत्तरी को लेकर मंडी में धरना प्रदर्शन



**हरदा।** भारतीय किसान संघ जिला हरदा के तत्वावधान में कृषि उपज मंडी में धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। इस दौरान मांग की है कि मूंग की मात्रा में बढ़ोत्तरी, प्रतिदिन खरीदी केंद्र पर लाने वाली मात्रा 25 क्विंटल से 40 क्विंटल करने एवं खरीदी बड़े प्लेट कांटे से की जाए। उपरोक्त मांगों के लिए अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन के प्रथम दिन में संपूर्ण जिले के कार्यकर्ता आंदोलन में शामिल हुए।

प्रथम दिवस में वक्ताओं ने जमकर सरकार को घेरा प्रांतीय संगठन मंत्री मनीष शर्मा एवं प्रदेश महामंत्री चंद्रकांत गौर और प्रांतीय सदस्य शैतान राजपूत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य योगेंद्र भांभू ने अपने उद्बोधन में जमकर सरकार को घेरा। आंदोलन रात और दिन चलेगा ऐसा निर्णय लिया गया। शुक्रवार और शनिवार को प्रातः 10 बजे तक हरदा तहसील धरना देगी। भोजन व्यवस्था भी धरना स्थल पर ही रहेगी। आज प्रमुख रूप से प्रांतीय संगठन मंत्री मनीष शर्मा, संभागीय संगठन मंत्री दिनेश शर्मा, प्रदेश महामंत्री चंद्रकांत गौर, जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, मंत्री विजय मालगाया। नरेंद्र दोगने, हरिशंकर सारण, दीप्ति जाट सहित सम्पूर्ण जिले के किसान उपस्थित रहे।

---

फूड ऑफिसर ने लिए तेल के सैंपल

# हमीदपुरा में संचालित तेल की फैक्ट्री की सील हाईटेंशन लाइन के नीचे चल रही थी फैक्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

हमीदपुरा में सईदा कार्पोरेशन के नाम से एक तेल की फैक्ट्री संचालित हो रही थी। फैक्ट्री की शिकायत मिलने पर तहसीलदार रामलाल पगारे फूड ऑफिसर सहित अन्य अफसर, कर्मचारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो फैक्ट्री हाईटेंशन लाइन के नीचे होने से सुरक्षा की दृष्टि से इसे सील कर दिया गया। साथ ही तेल के सैंपल भी लिए गए हैं।

तहसीलदार रामलाल पगारे ने बताया कलेक्टर भव्या मित्तल ने एक दल गठित किया है। इसके तहत हमें सूचना मिली थी कि हमीदपुरा में सईदा फैक्ट्री संचालित हो रही है। भट्टियां भी चल रही है, जहां तेल बन रहा है। मौके पर पहुंचे तो पाया यहां सनफलावर से तेल, घी निकालते हैं। संचालक का कहना है कि यह खाने के काम नहीं आता। टेक्सटाइल्स, रिफायनरी को देते हैं। तेल के सैंपल लिए हैं। ओपन एरिया में हाईटेंशन लाइन के नीचे फैक्ट्री संचालित होने से सुरक्षा की दृष्टि से फिलहाल इसे सील कर दिया गया है। सारे सेफ्टी मेजर पाइंट क्लियर होने के बाद देखा जाएगा। अभी जांच की जा रही है।



### संचालक बोले- आंध्रप्रदेश से आती है गाद

*फैक्ट्री संचालक मोईन उद्दीन ने कहा आंध प्रदेश से गाद आती है। हम गाद को रिसाइकिल कर रॉ मटेरियल निकालते हैं, जो घी जैसा होता और साबुन में काम आता है। साथ ही जो आइल होता है वह क्रूड आइल होता है। इसका खाने में उपयोग नहीं होता, बल्कि कंपनियां खरीदती हैं। वह क्या करती है यह हमें नहीं मामूल। सुरक्षा के साधन अपनाए जा रहे हैं। हाईटेंशन लाइन उपर से जा रही है वह हमारी गलती नहीं है। हमने यहां जमीन खरीदी उससे पहले से लाइन है। वहीं फिलहाल प्रशासन ने सैंपल लेकर फैक्ट्री को सील कर जांच शुरू कर दी है।*

---

### ग्राम बड़वानी में जल स्रोतों से लिए गए पानी के सैंपल

**हरदा।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के दल ने बुधवार को ग्राम बड़वानी में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी पेयजल स्रोतों के सैंपल एकत्रित कर जिला परीक्षण प्रयोगशाला हरदा में पानी के सैंपलों की जांच की गई। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पवनसुत गुप्ता ने बताया कि गांव में पेयजल व्यवस्था के लिये नल जल योजना चालू है। ग्रामीण नल कनेक्शन के द्वारा पेयजल प्राप्त करते हैं। उन्होने बताया कि इसके अलावा गांव में एक हैंडपंप भी चालू है। गांव में दो कुएं भी है, उससे भी कुछ ग्रामीण पानी लेते हैं। उन्होने बताया कि सभी पेयजल स्रोतों के सैंपल एकत्र किए गए एवं जांच उपरांत पानी के सैंपल पीने योग्य पाए गए। सभी ग्रामीणों को समझाईश दी गई कि पानी को साफ बर्तन में रखें, रसोई में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्लोरीन की टैबलेट्स एवं अन्य दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के तीनों विकासखंड में सतत क्लोरिनेशन का कार्य किया जा रहा है।

---

वाहनों से संबंधित निर्देश दिए

# स्कूल संचालकों के साथ पुलिस विभाग ने की महत्वपूर्ण बैठक



**रहटगांव।** टिमरनी थाना अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालय संचालकों के साथ पुलिस विभाग ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। जिसमें एसडीओपी आकांक्षा तलैया एवं नगर निरीक्षक संजय चौकसे ने स्कूलों में संचालित वाहनों से संबंधित विशेष दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान नगर निरीक्षक संजय चौकसे ने सभी विद्यालय संचालकों को निर्देश दिया कि वे अपने विद्यालय से सम्बद्ध सभी वाहनों का फिटनेस सर्टिफिकेट बनवाएं। ड्राइवर के पास पर्याप्त डॉक्यूमेंट है कि नहीं यह भी चेक करें। इसके साथ ही ड्राइवर का लाइसेंस एवं ड्राइवर का पुलिस वेरीफिकेशन करवाना बहुत ही आवश्यक है। इसी दौरान एसडीओपी आकांक्षा तलैया ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के लिए वाहनों का फिटनेस टेस्ट करना बहुत जरूरी है। वाहनों के ड्राइवर का पुलिस वेरिफिकेशन भी अत्यंत आवश्यक है। बैठक में प्रशासन ने विद्यालय संचालकों को दस दिन का समय देकर वाहनों के फिटनेस वेरीफिकेशन सहित समस्त कार्रवाई पूर्ण करने के दिशा निर्देश भी दिए। इस बैठक में नगर सहित आसपास के विद्यालयों के संचालक अथवा विद्यालय प्रतिनिधि मौजूद थे।